Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding alleged corruption in Pilatus deal during UPA regime.

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय । मुझे आपका संरक्षण चाहिए । मैं आपके माध्यम से, यूपीए सरकार में जो 126 पिलाटस मल्टी मॉडल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट खरीदे गए, उसमें अभी सीबीआई ने जो एफआईआर दर्ज की है, उस एफआईआर की तरफ मैं सदन और पूरे देश-दुनिया का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं ।

सर, यूपीए सरकार ने 2005 में ऑफसेट क्लॉज के नियम को बदला । 2008 में संजय भण्डारी जी की एक ओआईएस कंपनी थी, उसके साथ पिलाटस ने एक ऑफसेट एग्रीमेंट साइन किया और 2009 में उसे पैसा मिलना शुरू हुआ ।

अध्यक्ष महोदय, पिलाटस कंपनी की कमीशनखोरी में,…* का एमिरेट्स का एक एकाउण्ट – 1021497657901 है । 13 जून, 2009 को यह पैसा सनटेक कंपनी में गया, उस कंपनी ने एक फ्लैट – 12, ब्रैंसन स्कायर, लंदन में खरीदा । उस कंपनी जैसी एक अन्य कंपनी वर्टेक्स होल्डिंग कंपनी थी, जिसने ठीक उतने ही दाम पर वह फ्लैट 2010 में खरीद लिया । मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि 12, ब्रैंसन स्कायर, लंदन का जो मकान है, वह …* का है या नहीं, इसे सरकार को बताना चाहिए । …(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, दूसरा विषय यह है कि इस एयरक्राफ्ट के लिए जुलाई, 2011 में कोरिया की जो एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज थीं, जो कोरिया के मंत्री थे, उन्होंने कहा कि पिलाटस को जिस आरएफक्यू में दिया गया है, वह किसी कीमत पर पूरा नहीं करेगा । …(व्यवधान) जो हमारे रक्षा मंत्री थे, माननीय मनोहर परिकर साहब ने 2016 में इसके ऊपर कहा कि उस वक्त कोरिया के मंत्री ने जो ऑब्जेक्शन दायर की थी, वह सही थी ।

उसके ऑब्जेक्शन के बाद भी किस तरह से यह एयरक्राफ्ट दिया गया । दूसरा, इनको गुस्सा आता है । मैं आपको टिकट के साथ बता रहा हूं ।

अध्यक्ष महोदय, 7 अगस्त को … * को एमीरेट्स की फ्लाइट, ईके-71 में जिनेवा जाने का टिकट दिया ।…(व्यवधान) उसी तरह से 17 अगस्त को उसी संजय भंडारी ने उनको एलेक्स 563 …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नाम रिकॉर्ड में नहीं जाएगा ।

…(व्यवधान)

डॉ. निशिकांत दुबे : मैं यह कह रहा हूं कि उनको ज्यूरिख़ जेनेवा जाने के लिए टिकट दिया ।…(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से चार-पांच प्रश्न पूछना चाहता हूं ।…(व्यवधान) इनका … * से क्या रिलेशन है । …(व्यवधान) इनका फ्लैट नम्बर-42, अपर ब्रूक स्ट्रीट, मेफेयर, लंदन किसका है?…(व्यवधान) ग्रासवेनर प्रॉपर्टी 238, एजवेयर लंदन किसका है? फाइव विकरेज रोड एजबेस्टन, बर्मिंघम लंदन प्रॉपर्टी किसका है?…(व्यवधान) फोर बेड रूम अपर स्टोरी बिल्डिंग, सरटोगा लंदन में किसका है ।…(व्यवधान) आर्लिंगटन रोड सेंट जॉन, लंदन में, यह प्रॉपर्टी किसकी है?…(व्यवधान) लैंड फॉर सोलर वाला प्रोजैक्ट, जो बीकानेर में खरीदा गया, यह किसका है?…(व्यवधान) पांच सौ एकड़ लैंड फरीदाबाद में ली गई, यह किसकी है? …(व्यवधान) डीएलएफ में, मंगनोलिया में, चार फ्लैट्स किसके हैं?…(व्यवधान) ये सभी … * के हैं ।…(व्यवधान) मैं सरकार के माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि इसमें इमीडिएट … * के साथ एफआईआर करके, उस समय के तत्कालीन मंत्री को जेल जाना चाहिए ।…(व्यवधान) मेरा कांग्रेस पार्टी से आग्रह है, एक कहावत है कि सर्वनाशे समुत्पन्ने अर्धं त्यजति पण्डितः, …(व्यवधान) जय हिंद, जय भारत ।